बहन और भांजी ने हाथ-पैर पकड़े

भांजे व जीजा ने चाकू से गोदकर की हत्या

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 2 जुलाई. एक युवक की उसकी ही सगी बहन, भांजी, भांजे व जीजा ने हत्या कर दी है। घटना इस्लामपुरा, बहोड़ापुर की है। आरोपी शादी में दूल्हा भाई को बुलाने पर नाराज थे, उनका कहना था कि उससे उनकी दुश्मनी है तुम उसे क्यों बुलाते हो। इसी पर झगड़ा हुआ और मुंहबाद बढ़ते ही हत्या की नौबत आ गई।

रंजिश रखने वाले दूल्हाभाई को शादी में बुलाने पर हुआ विवाद

आरोपियों का असल विवाद अकरम खान उर्फ कल्लू (42) के बड़े भाई की बेटी और दामाद निसार खान से था। निसार, पत्नी के साथ भितरवार से रिश्तेदार की शादी में ग्वालियर आया था। इस शादी में आरोपियों को नहीं बुलाया गया था। आरोपियों का कहना था कि उनके दुश्मन को शादी में क्यों बुलाया?

रात 1 बजे अकरम बहन के घर बातचीत करने गए थे। वहां

आरोपी कहासुनी करने लगे। नौबत मारपीट तक आ गई। नग्गा, जहांगी और उनकी बेटी सलोनी (22), बेटे सुहैल (19) ने मिलकर अकरम को चाकू मार दिए। घायल को परिजन पहले थाना फिर जेएएच के ट्रॉमा सेंटर लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत

घोषित कर दिया। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। साथ ही चारों आरोपियों को मंगलवार की सुबह फरार होने से पहले पकड़ लिया है।

बहोड़ापुर स्थित इस्लामपुरा में अकरम उर्फ कल्लू खान उम्र 43 साल रहता है। वह गैस बेल्डिंग व फेब्रीकेशन का काम करता है। पास ही उसकी बहन नगदा उर्फ नग्गा बेगम पत्नी जहांगीर खान भी अपने परिवार के साथ रहती है। इस्लामपुरा में ही अकरम के रिश्तेदार के यहां शादी समारोह था। जिसमें अकरम के भाई की बेटी और दामाद दूल्हा भाई भितरवार से ग्वालियर आए थे। जिसमें की बहन नग्गा व उसके परिवार को नहीं बुलाया था। नग्गा के अपने भाई के दामाद से विवाद चल रहा है। पहले भी झगड़ा हो चुका था।

गत रात दोनों में फिर झगड़ा हो गया। जिसमें मारपीट हो गई थी। अकरम रात करीब 1 बजे बहन से झगड़े में बातचीत करने गया था। अकरम ने वहां पहुंचकर नगमा व उसके परिवार से बातचीत की। यहां फिर मुंहबाद हो गया। बात इतनी बढ़ गई कि गाली गलौज पर आ गई। यहां नग्गा बेगम और उसकी बेटी सलोनी बेटा सुहैल, पति बल्लू उर्फ जहांगीर खान ने मिलकर अकरम खान की हत्या कर दी।

घटना के बारे में मृतक भतीजी साहिबा ने बताया कि जब तक हम वहां पहुंचे आरोपी चाचा पर हमला कर चुके थे। नग्गा और उसकी बेटी सलोनी ने अकरम चाचा के हाथ-पैर पकड़े थे, जबकि भांजा सुहैल सीने पर बैठकर चाकू पर चाकू मारता जा रहा था। इसके बाद बल्लू उर्फ जहांगीर ने चाकू मारे। आखिरी में नग्गा ने भी चाकू मारा। इसी समय हम लोग पहुंच गए तो हमलावर भाग गए। तत्काल अकरम को बहोड़ापुर थाना और वहां से जेएएच लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टर ने नब्ज टटोलते ही मृत घोषित कर दिया है।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अलर्ट मोड़ पर आई और पुलिस ने घर से भागने से पहले ही हत्या के आरोपी नगदा, उसके बेटा-बेटी व पति को हिरासत में ले लिया है। पुलिस घटना के सम्बंध में पूछताछ कर रही है।

अकरम की मौत के बाद परिवार पर आर्थिक संकट

अकरम के परिवार में पत्नी, बेटा इकरार (17 साल), बेटियां गुलस्ता (15) और सुहाना (12) हैं। उसकी मौत के बाद उसके परिवार पर आर्थिक संकट आ गया है। बहोड़ापुर थाना प्रभारी जितेन्द्र सिंह तोमर का कहना है कि आपसी विवाद के बाद एक युवक की हत्या हो गई है। जिन पर हत्या का आरोप है वह भी मृतक की रिश्तेदार हैं। पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है।

बीएसएफ की दो महिला आरक्षक एक महीने से गायब, लास्ट लोकेशन हावड़ा की मिली

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 2 जुलाई. बीएसएफ की दो महिला आरक्षक लगभग एक महीने से गायब है। जबलपुर की रहने वाली आकांक्षा निखर अपने साथ काम करने वाली शाहाना खातून के साथ गायब हुई है। दोनों की पोस्टिंग बीएसएफ टेकनपुर मुख्यालय में है।

जबलपुर की रहने वाली उर्मिला निखर अपने बेटे नीरज के साथ मंगलवार को एसपी की जनसुनवाई में पहुंची और अपनी बेटी को बरामद करने की गुहार लगाई। आकांक्षा निखर की मां का

स्पष्ट कहना है कि उसकी बेटी को शहाना खातून और उसके परिवार के लोगों ने अगवा कर लिया है। यह लोग पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद इलाके में रहते हैं।

6 जून 2024 को सहायक प्रशिक्षण केंद्र टेकनपुर से आकांक्षा के घर जबलपुर फोन आया और उन्होंने बेटी के बारे में जानकारी हासिल की थी। बताया गया कि बीएसएफ में ही पदस्थ शहाना खातून के साथ आकांक्षा कहीं गई है। 7 जून को दोनों बीएसएफ कर्मचारियों की लोकेशन पहले दिल्ली फिर दूसरे दिन हावड़ा मिली थी। इसके बाद से शहाना खातून अपने रिश्तेदारों के बीच लगातार संपर्क में है। सीसीटीवी फुटेज में भी सीमा सुरक्षा बल के अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है। शहाना खातून की बड़ी बहन से दोनों महिला आरक्षक को कुछ पैसे और एक गाड़ी मोबाइल दिए गए हैं। दोनों महिला बीएसएफ कर्मचारियों की लोकेशन नदिया जिले में आखिरी बार देखी गई है।

नीलामी तहत बिक्री हेतु सार्वजनिक सूचना (अनुच्छेद - IV A) (नियम 8 (6)

आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को गिरवी रखी गई अचल संपत्ति की बिक्री (IIFL-HFL) कॉर्पोरेट कार्यालय प्लॉट नंबर 98, उद्योग विहार, फेज - चतुर्थ, गुड़गांव - 122015 (हरियाणा) और शाखा कार्यालय- डी-1 ग्राउंड फ्लोर, बसंत विहार, ग्वालियर- 474002 वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (इसके बाद अधिनियम) के तहत. जबकि आईआईएफएल - एचएफएल के अधिकृत अधिकारी (एओ) ने निम्नलिखित ऋण खातों/prospect संख्या में अधिनियम की धारा 13 (2) के तहत जारी नोटिस के अनुसार निम्नलिखित संपत्ति का कब्जा ले लिया था. आईआईएफएल - एचएफएल के बकाया की वसूली के लिए 'जैसा है जहां है और जैसा है आधार पर' बेचने के अधिकार के साथ, बिक्री वेबसाइट पर उपलब्ध ई-नीलामी मंच के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी द्वारा की जाएगी- https-//www.iiflonehome.com

देनदार/सहदेनदार/ गारंटर का नाम	डिमांड नोटिस की तिथि व राशि	अचल संपत्ति/ सुरक्षित संपत्ति का विवरण	भौतिकी कब्जा तिथि	रिजर्व मूल्य
1. श्री राजवीर पाल 2. श्रीमती आरती पाल 3. आर ग्रुप कंस्ट्रक्शन 4. श्रीमती रामवती (प्रोस्पेक्ट नं. 789497)	16 जून-2021 रु.12,12,876/- (रु. बारह लाख बारह हजार आठ सौ छियत्तर मात्र) बिड वृद्धि राशि 20,000/- (बीस हजार मात्र)	संपत्ति का वह पूरा हिस्सा फ्लैट नंबर 204, 177.18 वर्ग मीटर, प्रथम तल, प्लॉट नंबर 15 प्लॉट नंबर 16 का हिस्सा, ब्लॉक-बी, (शीतला अपार्टमेंट), सर्वे नंबर 865, 872, 861, 862, 863, 864, 882, 883 884 का हिस्सा, शांति बाग कॉलोनी, गांव पुरानी छावनी, ग्वालियर, पिनकोड- 474001, मध्य प्रदेश, भारत।	22 अगस्त-2022 कुल बकाया राशि दिनांक 05 जून 2024 रु. 19,39,776/- (रु. उन्नीस लाख उनचालीस हजार सात सौ छियत्तर मात्र)	रु. 8,92,000/- (रु. आठ लाख बियानवे हजार मात्र) बयाना राशि (ईएमडी) रु. 89,200/- (रु. नवासी हजार दो सौ मात्र)

प्रापर्टी निरीक्षण दिनांक	ईएमडी की अंतिम दिनांक	ई-नीलामी दिनांक/समय
19 जुलाई- 2024, 11.00 से 14.00 बजे	22 जुलाई- 2024, 5.00 बजे	24 जुलाई- 2024, 11.00 से 13.00 बजे

भुगतान का तरीका- ईएमडी का भुगतान केवल ऑनलाइन मोड से किया जाना है. भुगतान करने के लिए आपको https-//www.iiflonehome.com पर जाना होगा और केवल संपत्ति के लिए उपलब्ध लिंक के माध्यम से भुगतान करना होगा.

नोट- प्रत्येक संपत्ति के लिए भुगतान लिंक अलग है. सुनिश्चित करें कि आप उस संपत्ति के लिंक का उपयोग कर रहे हैं जिसे आप सार्वजनिक नीलामी के माध्यम से खरीदना चाहते हैं, शेष भुगतान के लिए, सफल बोली पर आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से भुगतान करना होगा. खातों का विवरण इस प्रकार है- ए) खाते का नाम- आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड, बी) बैंक का नाम- स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक, सी) खाता संख्या-9902879×××× के बाद प्रॉस्पेक्ट नंबर, डी) आईएफएससी कोड- SCBL0036001, ई) बैंक का पता-स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक, 90 एम.जी. रोड, फोर्ट, मुंबई-400001

नियम और शर्तें

1. ई-नीलामी में भाग लेने के लिए, इच्छुक बोलीदाताओं को सेवा प्रदाता https-//www.iiflonehome.com के साथ अपना विवरण पहले से पंजीकृत करना होगा और लॉगिन खाता, लॉगिन आईडी और पासवर्ड बनाना होगा. इच्छुक बोलीदाताओं को उपरोक्त शाखा कार्यालय में ईएमडी, केवाईसी और पैन कार्ड की प्रति के भुगतान विवरण के साथ अपना निविदा फॉर्म जमा करना/भेजना होगा.
2. बोलीदाताओं को 'बोली वृद्धि राशि' कॉलम के तहत उल्लिखित राशि के गुणकों में अपने प्रस्ताव में सुधार करना होगा. यदि नीलामी के समापन समय के अंतिम 5 मिनट में बोली लगाई जाती है, तो समापन समय स्वचालित रूप से 5 मिनट के लिए बढ़ा दिया जाएगा.
3. सफल बोलीदाता को बोली राशि का 25 प्रतिशत (ईएमडी समायोजित करने के बाद) एओ द्वारा बोली मूल्य की स्वीकृति के 24 घंटे के भीतर और शेष 75 प्रतिशत बोली राशि को बिक्री की पुष्टि की तारीख से 15 दिनों के भीतर जमा करना चाहिए सुरक्षित लेनदार. सभी जमा और भुगतान भुगतान के निर्धारित तरीके में होंगे.
4. क्रेता को उपकर, लागू स्टांप शुल्क, शुल्क, और कोई अन्य वैधानिक बकाया या अन्य बकाया जैसे नगरपालिका कर, बिजली शुल्क, भूमि और अन्य सभी आकस्मिक लागत, संपत्ति से संबंधित सभी करों और दरों के भुगतान सहित शुल्क वहन करना पड़ता है.
5. बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे वेबसाइट https-//www.iiflonehome.com और https-//www.iifl.com/home-loans/properties-for-auction के माध्यम से नीलामी बिक्री और नीलामी आवेदन पत्र के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए पहले आवेदन करें. ई-नीलामी बिक्री कार्यवाही में भाग लेने के लिए अपनी बोलियां जमा करना.
6. विवरण, सहायता प्रक्रिया और ई-नीलामी पर ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए संभावित बोलीदाता सेवा प्रदाता ई-मेल आईडी-care@iiflonehome.com, सपोर्ट हेल्पलाइन नंबर- @ 1800 2672 499.
7. संपत्ति विवरण निरीक्षण संबंधित पूछताछ हेतु व आनलाइन बिड आदि के लिए कॉल IIFL HFL टॉल फ्री नं. 18002672499 9.30 बजे से 18.00 बजे तक सोमवार से शुक्रवार के बीच या लिखें या ई-मेल- care@iiflonehome.com.
8. उपरोक्त उधारकर्ताओं को घरेलू सामान लेने के लिए नोटिस दिया जाता है, जो 7 दिनों के भीतर भौतिक कब्जा लेने के समय सुरक्षित संपत्ति में पड़ा था, अन्यथा आईआईएफएल - एचएफएल परिस्थितियों में संपत्ति के किसी भी नुकसान के लिए जिम्मेदार नहीं होगा.
9. इसके अलावा ऋणी को नोटिस दिया जाता है कि यदि वे उपरोक्त वस्तुओं को एकत्र करने में विफल रहते हैं तो उन्हें कानून के अनुसार बेचा जाएगा.
10. सफल बोलीदाता/नीलामी क्रेता द्वारा उपरोक्त निर्धारित समय के भीतर किसी भी स्तर पर भुगतान में चूक के मामले में, बिक्री को सेल किया जा सकता है और पहले से भुगतान की गई राशि को जब्त कर लिया जाएगा (ईएमडी सहित) और संपत्ति को फिर से रखा जाएगा बिक्री के लिए.
11. एओ बिना कोई कारण बताए निविदा/नीलामी के नियमों और शर्तों को स्थगित/रद्द करने या उनमें परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित रखता है. निविदा/नीलामी में किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में आईआईएफएल-एचएफएल के एओ का निर्णय अंतिम होगा.

सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 8 (6) के तहत वैधानिक 15 दिनों की बिक्री नोटिस

उधारकर्ता को निविदा / नीलामी की तारीख से पहले अद्यतन ब्याज और सहायक खर्चों के साथ ऊपर वर्णित राशि का भुगतान करने के लिए अधिसूचित किया जाता है, ऐसा न करने पर संपत्ति को नीलाम/विक्रय किया जाएगा तथा बकाया राशि यदि कोई हो तो ब्याज और लागत के साथ वसूल की जाएगी.

स्थान- ग्वालियर, दिनांक- 03 जुलाई-2024 — हस्ता./ -अधिकृत अधिकारी, आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड

राहुल ने हिन्दू समाज को हिसंक नहीं कहा, सच से भाजपा बौखला रही

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 2 जुलाई. कांग्रेस पार्टी के जुझारू एवं कद्दावर नेता और ग्वालियर पूर्व विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस

कांग्रेस विधायक डा. सिकरवार का भाजपा पर पलटवार बोले ...

विधायक डा. सतीश सिकरवार ने भाजपा पर पलटवार करते हुए कहा है कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने हिन्दू समाज को कभी भी हिसंक नही कहा है। यह तो भाजपा कहानी गढ़ रही है। उन्होने तो भाजपा का असली रूप और सच जनता के सामने उजागर किया है। राहुल गांधी ने कहा है कि भाजपा हिन्दूं समाज को हिसंक कर रही है। सच कडबा होता है, इससे ही भाजपा में बौखलाहट है। राहुल गांधी का सदन मे बार-बार माइक बंद कर देने से उनकी आवाज को भाजपा दवा नहीं सकती है। करोडों देशवासी राहुल गांधी के साथ है। कांग्रेस विधायक डा. सतीश सिकरवार ने कहा कि लोकसभा मे नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी किसानों, नौजवानों, आदिवासियों, दलित-पिछड़े बर्ग की बात उठाते है, तो भाजपा के पेट मे दर्द होने लगता है। उन्होने कहा कि श्री राहुल गांधी का बार-बार सदन मे माइक बंद करना लोकतंत्र की हत्या है और इससे उनकी आवाज को बंद नही किया जा सकता है।

राहुल गांधी ने यही तो कहा है कि हिन्दूं हिंसा नही करता है, इससे भाजपा क्यो छटपटा रही है। मणिपुर मे क्या हो रहा है, क्यों भाजपा नही बोलती है। विधायक डॉ. सिकरवार ने कहा कि कांग्रेस ने देश को आजादी दिलाने से लेकर देश के चहुमुखी विकास के लिए काम किया है। विधायक डॉ. सिकरवार ने तत्कालीन मुख्यमंत्री और अब केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चैहान को आड़े हाथो लेते हुए कहा कि चुनाव से पहले किए वायदे कौन पूरे करेगा।

विपक्ष सदन में अराजकता की स्थिति निर्मित कर रहा : शर्मा

ग्वालियर. भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक शर्मा ने लोकसभा में आज राष्ट्रपति के अभिभाषण पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के धन्यवाद उदबोधन के दौरान विपक्षी सांसदों द्वारा किए गए हंगामे एवं नारेबाजी को अमर्यादित एवं अशालीन निरूपित करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री सदन के नेता होते हैं, उनके भाषण के दौरान विपक्ष को लोकतांत्रिक मूल्यों का परिचय देते हुए हंगामे से दूर रहकर सदन की कार्रवाई के संचालन में सकारात्मक भूमिका का परिचय देना था. अशोक शर्मा ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि विपक्ष कुछ ज्यादा ही जल्दी में है और सदन की कार्रवाई में अव्यवस्था निर्मित कर देश की सबसे बड़ी पंचायत में अराजकता की स्थिति निर्मित कर लोकतांत्रिक परंपराओं का हनन करने पर आमदा है. उन्होंने कहा कि लोकतंत्र रूपी गाड़ी के सत्तापक्ष और विपक्ष दो पहिए हैं, इसलिए विपक्ष को अपनी जिम्मेदारी पूरी ईमानदारी से निभाना चाहिए.

M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.
Roshanighar Campus, Gwalior (M.P.), Email : dgmnorthcitygwl@gmail.com
NIT No. DGM/NORTH/GWL/2024-25/1208 — Gwalior, Dt. 02.07.24

NOTICE INVITING E-TENDER (OPEN TENDER)

MPMKVVCL hereby invites E-Tender for hiring the below mentioned type of vehicles in the following locations.

Name of Unit/Office	Particulars	Monthly Ceiling Charge (Rs.)	Tender Fee (Rs.)	EMD (Rs.)	Date of Opening of Bids Online
Office of The Ladheri Zone Under DGM (City Div.North), MPMKVVCL Gwalior (M.P.)	Hiring of Vehicle Type-D, Mini Truck (3 Metric Ton) Single Shift Year-2024	41590+GST	500/- + GST @ 18% Extra	5,000/-	09.07.24 at 15:00 hrs

Relevant details are full tender would be available on our company **website : https://portal.mpcz.in & https://mptenders.gov.in** very shortly.
M.P. Madhyam/115193/2024 — DY. GENERAL MANAGER, CITY DIV. NORTH

M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.
Office Of The General Manager (O&M) Circle Datia, Email : gmdatiacircle@gmail.com
No GM/PUR/ENQ/2024/1030 — Datia Dt. 27.06.2024

NOTICE INVITING E-TENDER (OPEN TENDER)

MPMKVVCL hereby invites offers for hiring the below mentioned type of vehicles in the following locations.

Name of unit/Office	Type of vehicles	Due Date of Submission	Opening Date & Time
Office of The General Manager (IT/HR) Section MPMKVVCL Datia Circle	Type B Jeeps and MUVs; (AC Model)	09.07.2024	10.07.2024 at 4:00 PM

Other details terms and conditions are available on our company **website : https://portal.mpcz.in** or the under signed office.
M.P. Madhyam/115192/2024 — GM (O&M)

मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक
Madhya Pradesh Gramin Bank
(A Joint Venture of Govt of India, Bank of India & MP Govt)
आपका अपना बैंक
क्षेत्रीय कार्यालय : सी-13, ग्लोबल प्लाजा, कैलाश विहार. सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.)

आधिपत्य नोटिस (स्थावर संपत्ति)

अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक का प्राधिकृत अधिकारी होते हुये वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (2002 का 54) की धारा 13(12) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 का सपठित नियम 9 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये निम्नलिखित ऋण धारियों को ब्याज राशि सहित नोटिस प्राप्ति के दिनांक से 60 दिन की समयावधि में भुगतान करने हेतु निर्देशित किया गया था, ऋणग्रहिता राशि का भुगतान करने में असफल रहे है। ऋणग्रहिताओं तथा सर्वसाधारण को एतद द्वारा सूचना-पत्र दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) सहपठित उक्त नियम के नियम 9 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित संपत्ति का उनके सम्मुख उल्लेखित दिनांक को अधिग्रहण कर लिया गया है। ऋणग्रहिताओं एवं जमानतदारों को विशेषतः और सर्व साधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा निम्नलिखित सम्पत्तियों के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्तियों के साथ कोई व्यवहार निम्न खाते के सामने वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज के लिए मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक के अधीन होगा।

क्रमांक	शाखा का नाम	ऋणी/सम्पत्ति मालिक/ जमानतदार का नाम व पता	मांग नोटिस दिनांक/ कब्जा दिनांक/नोटिस की राशि	बंधक सम्पत्ति का पूर्ण विवरण/चर्तुसीमायें एवं संपत्ति मालिक का नाम
1	भिण्ड मुख्य जिला भिण्ड	**ऋणी:-** श्री विकास शर्मा पुत्र श्री रामसेवक शर्मा पता:- गाम व पोस्ट सिमराव, तहसील भिण्ड, जिला भिण्ड (म.प्र) **जमानतदार:-** श्रीमती अनिता शर्मा पत्नि श्री रामसेवक शर्मा पता:- गाम व पोस्ट सिमराव, तहसील भिण्ड, जिला भिण्ड (म.प्र) **खाता क्रमांक-900629010000001**	12.02.2024 .... 27.06.2024 .... रु 774518/- (अंकन राशि रू. सात लाख चौहत्तर हजार पाँच सौ अठारह) + ब्याज एवं अन्य व्यय	**सम्पत्ति का विवरण :-** 1) साम्यिक बंधक की गई सम्पत्ति 1)ग्राम सिमराव, आराजी क्र0 396 मिन, सर्किल पीपरी, जिला भिण्ड, कुल क्षेत्रफल 4500 वर्गफुटसीमाएं पूर्व-आम रास्ता, पश्चिम-सम्पत्ति बृजकिशोर, उत्तर-सम्पत्ति रामअवतार, दक्षिण-सम्पत्ति विनीता 2) साम्यिक बंधक की गई सम्पत्ति 1)ग्राम सिमराव, आराजी क्र0 396 मिन, सर्किल पीपरी, जिला भिण्ड, कुल क्षेत्रफल 3375 वर्गफुट **सीमाएं**- पूर्व-आम रास्ता, पश्चिम-सम्पत्ति बृजकिशोर, उत्तर-सम्पत्ति अरविन्द, दक्षिण-सम्पत्ति विनीता **सम्पत्ति मालिक का नाम-श्रीमती अनिता शर्मा पत्नि श्री रामसेवक शर्मा**

दिनांक : 02.07.2024
स्थान : ग्वालियर
प्राधिकृत अधिकारी
मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय ग्वालियर

JANA SMALL FINANCE BANK
(A scheduled commercial bank)
रजिस्टर्ड ऑफिस: द फेयरवे, भूतल एवं प्रथम तल, सर्वे नं. 10/1, 11/2 व 12/2-बी, ऑफिस दोमलुर, कोरामंडला इनर रिंग रोड, नेक्सट टू ईजीएल बिजनेस पार्क, छलाघट्टा, बैंगलोर- 560071, ब्रांच ऑफिस- प्लाट नं. 131/01, ग्राउंड फ्लोर, एम.पी. नगर, जोन-2, भोपाल (म.प्र.)-462011

ई-नीलामी सूचना

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठ्न और प्रतिभूति हित अधिनियम (सरफेसी अधिनियम) 2002 के प्रवर्तन के तहत ई-नीलामी के माध्यम से बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना, प्रावधान नियम 8 (6) और 9 के प्रावधान के साथ पढ़ें

जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने सरफेसी अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित संपत्ति पर कब्जा कर लिया है. ऋणी को विशेष रूप से और आम जनता को सूचित किया जाता है कि बैंक की बकाया राशि की वसूली के लिए नीचे दिए गए खाते में गिरवी संपत्ति की ऑनलाइन नीलामी (ई-नीलामी) जैसा है जहां है और जैसा है जैसा है पर आयोजित किया जाएगा निर्धारित तिथि पर यहां के तहत.

क्र.	लोन एकाउंट नं.	मूल देनदार/सह देनदार/ गारंटर का नाम	13-2 नोटिस तिथि	कब्जा तिथि	वर्तमान बकाया	संपत्ति के निरीक्षण की तिथि व समय	आरक्षित मूल्य	बयाना राशि ईएमडी रु. में	ई-नीलामी तिथि व समय	बिड जमा की अंतिम तिथि, समय व स्थान
1.	45519420003497	1. श्री कोमल कुमार जोरिया आ. बाबूलाल जोरिया 2. श्रीमती ज्योति आर्या पत्नी कोमल कुमार	23-11-2023	15-2-2024	रु. 22,63,974.70 (रु. बाइस लाख तिरेसठ हजार नौ सौ चौहत्तर व पैसा सत्तर) मात्र 19-6-2024 को	5-7-2024 को 9.00 बजे से 5.30 बजे तक	रु. 19,90,000/- (रु. उन्नीस लाख नब्बे हजार मात्र)	रु. 1,99,000/- (रु. एक लाख निन्यानवे हजार मात्र)	22-7-2024 को 11.00 बजे से 2.00 बजे तक	21-7-2024 को 05.00 बजे से पहले जना स्मॉल फायनेंस बैंक लिमि. प्लाट नं. 131/01 ग्राउंड फ्लोर एमपी नगर जोन-2 भोपाल म.प्र.-462011
	संपत्ति विवरण/अनुसूची- फ्लैट नंबर 08 वाली पूरी आर.सी.सी. सुपर स्ट्रक्चर, प्रथम तल (3 बीएचके) पर, जिसका कुल निर्मित क्षेत्रफल 920 वर्ग फीट (85.50 वर्ग मीटर) है, बहुमंजिला इमारत में जिसे 'ओमराज एवेन्यू' के नाम से जाना जाता है. भूमि सर्वेक्षण संख्या 350 का हिस्सा, ग्राम सिरोल पीएच. नंबर 79, नगर पालिक वार्ड नंबर 61, परगना और जिला ग्वालियर (एमपी) में स्थित है, जिसकी सीमा- पूर्व में- मल्टी का सामान्य क्षेत्र, पश्चिम में- मुली का सामान्य क्षेत्र, उत्तर में- फ्लैट नंबर 17 और दक्षिण में- फ्लैट नंबर 09 है.									
2.	45519430001468	1. श्री सतेन्दर सिंह गुर्जर आत्मज विचित्र सिंह 2. श्रीमती किरण गुर्जर पत्नी सतेन्द्र सिंह	27-9-2023	27-1-2024	रु. 9,96,183.20 (रु. नौ लाख छियानवे हजार एक सौ तिरासी व पैसा बीस मात्र) 19-6-2024 को	5-7-2024 को 9.00 बजे से 5.30 बजे तक	रु. 6,75,000/- (रु. छह लाख पिचहत्तर हजार मात्र)	रु. 67,500/- (रु. सड़सठ हजार पांच सौ मात्र)	22-7-2024 को 11.00 बजे से 2.00 बजे तक	21-7-2024 को 05.00 बजे से पहले जना स्मॉल फायनेंस बैंक लिमि. प्लाट नं. 131/01, ग्राउंड फ्लोर, एमपी नगर जोन-2 भोपाल म.प्र.-462011
	संपत्ति विवरण/अनुसूची-भूमि सर्वेक्षण संख्या 379 (भाग) का हिस्सा, कुल माप क्षेत्र 720 वर्ग फीट (360 वर्ग फीट+360 वर्ग फीट) ग्राम एसपीएच नंबर 1 नगर निगम वार्ड नंबर 29, तहसील डबरा और जिला ग्वालियर (म.प्र.) में स्थित भूमि का वह टुकड़ा और पार्सल, जिसकी सीमा- पूर्व में- श्री जान की संपत्ति, पश्चिम में- 25 फीट चौड़ी सड़क, उत्तर में- श्री लखन की संपत्ति और दक्षिण में- श्रीमती अर्चारा अग्रवाल की संपत्ति.									
3.	45519420002011 और 45519420003152	1. श्री हरीश कुमार आत्मज अमर सिंह 2. श्रीमती रानी पत्नी अमर सिंह	26-2-2024	24-5-2024	रु. 18,34,911.30 (रु. अट्ठारह लाख चौंतीस हजार नौ सौ ग्यारह और पैसा तीस) मात्र 19-6-2024 को	5-7-2024 को 9.00 बजे से 5.30 बजे तक	रु. 15,55,000/- (रु. पन्द्रह लाख पचपन हजार मात्र)	रु. 1,55,500/- (रु. एक लाख पचपन हजार पांच सौ मात्र)	6-8-2024 को 11.00 बजे से 2.00 बजे तक	5-8-2024 को 05.00 बजे से पहले जना स्मॉल फायनेंस बैंक लिमि. प्लाट नं. 131/01, ग्राउंड फ्लोर, एमपी नगर जोन-2 भोपाल म.प्र.-462011
	संपत्ति विवरण/अनुसूची- भूमि का वह टुकड़ा और पार्सल जिसमें भूमि सर्वेक्षण संख्या 325/16 मिन का हिस्सा है, कुल माप क्षेत्र 900 वर्गफुट (83.72 वर्गमीटर), अयोध्या कॉलोनी, ग्राम देत्रा, पीएच नंबर 56, वार्ड नंबर 2, तहसील दात्रा और जिला ग्वालियर (एमपी) में स्थित है, पूर्व में- सीएफएल रोड पश्चिम में- जगत सिंह टीचर का प्लॉट, उत्तर में- सतू की संपत्ति और दक्षिण में- 20 फीट रोस्ट.									

संपत्तियों को 'जैसा है जहां है के आधार पर' और 'जैसा है जो है के आधार पर' आयोजित किया जा रहा है और ई-नीलामी 'ऑनलाइन' आयोजित की जाएगी. उपरोक्त संपत्ति की खरीद से संबंधित सभी भुगतान किसके पक्ष में किए जाएंगे जना लघु वित्त बैंक. नीलामी बैंक के अनुमोदित सेवा प्रदाता मेसर्स के माध्यम से आयोजित की जाएगी. 4 वेब पोर्टल https://bankauctions.in और www.foreclosureindia.com पर बंद होना. अधिक जानकारी के लिए और ई-नीलामी पर विवरण, सहायता, प्रक्रिया और ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए, संभावित बोलीदाता एम/एस से संपर्क कर सकते हैं. 4 समापन; श्री अरिजीत कुमार दास से संपर्क करें, संपर्क नंबर- 8142000725. ईमेल आईडी- info@bankauctions.in / arigit@bankauctions.in. ई-नीलामी कार्यवाही में भाग लेने के लिए नियमों और शर्तों के बारे में अधिक जानकारी के लिए और संपत्ति से संबंधित किसी भी प्रश्न के लिए कृपया जन लघु वित्त बैंक के अधिकारी श्री अजय नाइक से संपर्क करें (मो.नं.9960948687) एवं श्री महेंद्र ब्रम्हणे (मो.नं.9029290202). प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी और जानकारी के अनुसार, संपत्तियों पर कोई बाधा नहीं है. हालांकि इच्छुक बोली- बोली लगाने वालों को अपनी बोली जमा करने से पहले संपत्ति के स्वामित्व, स्वामित्व के संबंध में अपनी स्वतंत्र पूछताछ करनी चाहिए. कोई भी सशर्त बोली स्वीकार नहीं की जायेगी. यह उपरोक्त नामित उधारकर्ताओं के लिए भी एक सूचना है. गिरवी संपत्तियों के लिए निर्धारित ई-नीलामी के बारे में गारंटर/बंधककर्ता/ उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता को अद्यतन ब्याज और सहायक राशि के साथ ऊपर उल्लिखित राशि का भुगतान करने के लिए सूचित किया जाता है. नीलामी की तारीख से पहले के खर्च, ऐसा न करने पर संपत्ति बेच दी जाएगी और शेष बकाया, यदि कोई हो, ब्याज और लागत के साथ वसूल किया जाएगा.

दिनांक- 3-7-2024, स्थान- ग्वालियर — ह./- प्राधिकृत अधिकारी, जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड

BAJAJ FINSERV

सोने के गहनों की नीलामी के लिए समाचार पत्र में सार्वजनिक सूचना
बजाज फाईनान्स लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालयः मुंबई-पुणे रोड, अकुर्दी, पुणे-411035

BFL सभी ऋणियों और सर्वसाधारण को सूचित करता है कि गोल्ड लोन लेते समय ऋणी ने बतौर सेक्युरिटी अपने लोन खाते में सोने के गहने गिरवी रखे और बार-बार नोटिस दिए जाने के बावजूद जो ऋणी लोन की राशि चुकाने या आवश्यक मार्जिन देने में विफल रहे उनके गहने 'जहां है जैसा है और जो है जैसा है' आधार पर नीलाम किए जाएंगे। निविदा करने वालों से अनुरोध है कि नीचे दी गई शर्तों का पालन करें:

(क) क्यूआर कोड स्कैन कर सार्वजनिक सूचना (लोन, गहनों का सकल वजन, स्थान और नीलामी की तिथि) की सम्पूर्ण जानकारी देखें।
(ख) सार्वजनिक नीलामी से संबंधित निविदा के सभी नियम और शर्तें ("टी एण्ड सी") वेबलिंक https://cms-assets.bajajfinserv.in/is/content/bajajfinance/bidder-tcpdf?scl=1&fmt=pdf के माध्यम से पढ़ें;
(ग) नियम और शर्तें समझ लें और उसके बाद ही नीलामी की तिथि या उससे पहले बतौर अग्रिम जमा राशि रु.25,000 फंड ट्रांसफर (एनईएफटी/आरटीजीएस/बजाज गोल्ड ऑक्शन ऐप) कर दें;
(घ) नीलामी के स्थान पर सुबह 10 बजे तक व्यक्तिगत उपस्थिति दर्ज करें; तथा
(ङ) नीलामी के स्थान पर अपना पहचान और पते का वैध प्रमाण लेकर आएं।
(च) नीलामी की दिन में दोपहर 12 बजे के बाद नीलामी में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
(छ) शाखा प्रबंधक/नीलामीकर्ता को बोली लगाने वालों की भागीदारी स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार है, यदि वे निर्धारित समय सीमा में भाग नहीं लेते हैं, चाहे वे अग्रिम राशि जमा राशि (ईएमडी) का भुगतान कर चुके हो।

स्कैन करें

नीलामी के स्थान और तिथि में परिवर्तन, यदि कोई हो, तो उसकी सूचना नीलामी केंद्र पर प्रदर्शित की जाएगी। आपका निविदा करना उपरोक्त शर्तों पर सहमत होना माना जाएगा। यदि सार्वजनिक नीलामी से बिक्री निलंबित/निरस्त होती है तो बीएफएल ऋणी(ऋणियों) के कहने पर निजी तौर पर गहनों की बिक्री करने का अधिकार भी सुरक्षित रखती है। अतिरिक्त जानकारी के लिए हमसे इस ईमेल आईडी पर संपर्क करे - gold.auction@bajajfinserv.in

(11-07-24) भोपाल - इमामी गेट; PF46GOL7050441, 7262590, 7622745. भोपाल - इन्द्रापुरी; PF49GOL7524153, 7554074. भोपाल - मध्य प्रदेश नगर; P430GOL7539139. छतरपुर; P568GOL7424905, 7459468, 7474071, 7483963, 7492933, 7547976, 7696763, 7716520, 7717665, 7734067. (12-07-24) होशंगाबाद - मीनाक्षी चौक; P5E2GOL7435487, 7485042, 7555425, 7549679, 7549090, 7566948, 7566401, 7634341, 7669986, 7670453. शहडोल; P6E0GOL7733730. (13-07-24): बालाघाट; P6Y9GOL7595706. इटारसी - सराफा बाज़ार; P03WGOL7434484, 7457890, 7493532, 7505022, 7623425, 7670231, 7683270, 7700236, 7730006. नरसिंहपुर; P6Y8GOL7732931, 7737927, 7748981. रीवा; P4A7GOL7454076, 7484074, 7565490, 7567946, 7560060, 7578167, 7624066, 7624891, 7658639. (16-07-24) बैतूल श्रम कॉम्प्लेक्स; PCA4GOL7457378, 7481487, 7646213, 7749416. छिंदवाड़ा - लालबाग; P5Q1GOL7440610, 7487129, 7605722, 7644019. ग्वालियर - सिटी सेंटर; P466GOL7511681, 7507999, 7606811, 7608613, 7623853, 7624307, 7634405, 7656654, 7703218, 7714934, 7735562. हरदा - बाफना टावर; PX13GOL7594508, 7594847. जबलपुर - राइट टाउन; P465GOL7246024, 7333876, 7608078, 7654492, 7654746, 7654917, 7717199, 7732898. सीहोर - सेकड़ाखेड़ी रोड; PCP3GOL7441442, 7563599, 7563255. (17-07-24) बीना - इटावा स्टेशन रोड; PT40GOL7642315, 7699212. दतिया; P34EGOL7687480. गंज बसौदा - मेन रोड; P02WGOL7548588, 7592525, 7682938, 7699960. शिवपुरी - एबी रोड; PT43GOL7457795, 7629035, 7659149, 7675648, 7670841, 7707860, 7703368, 7720427, 7730323. विदिशा - सांची रोड; PCP5GOL7536357. (18-07-24) गुना - एबी रोड; PEH2GOL7582520, 7589246, 7702686, 7728552, 7736608. पोरसा; P14PGOL7458026, 7601983, 7625193, 7634637, 7636974, 7660343, 7654214, 7653877, 7680366, 7700139, 7702389, 7743200. श्योपुर; P38CGOL7506113, 7506293, 7603502, 7686828, 7685142, 7720842, 7720287. (19-07-24) ग्वालियर - नया बाज़ार; PF25GOL7442773, 7435725, 7451979, 7508444, 7518939, 7537216, 7560046, 7563186, 7580669, 7580003, 7574927, 7629896, 7632917, 7673388, 7673584, 7675460, 7688155, 7688365, 7682605, 7689030, 7689345, 7706400, 7703537, 7718803, 7716107, 7729446. इंदौर - विजय नगर; P425GOL7565137, 7588598, 7621964, 7646639. सबलगढ़; P13PGOL5591433, 5744781. (20-07-24) देवास - एबी रोड; P5L6GOL7589143, 7615546, 7655633, 7669347. खंडवा - शिवाजी चौक; P4E2GOL7482646, 7553830, 7554663, 7591376, 7589100, 7704574. उज्जैन - फ्रीगंज; P533GOL7470442, 7472437, 7479653, 7538147, 7562441, 7562735, 7607334, 7623123, 7657790, 7748486.

बजाज फाईनान्स लिमिटेड

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95